दिनांक-28जनवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर परिषद की बैठक मे राजेश पटेल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का संचालन/ संधारण सहित अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा

महापौर परिषद की बैठक महापौर देवेंद्र यादव की अध्यक्षता एवं आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी की उपस्थिति में संपन्न हुई तथा कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर महापौर परिषद के सदस्यों द्वारा चर्चा की गई! सेक्टर दो स्थित राजेश पटेल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का संचालन/संधारण एवं कोच उपलब्ध कराने के लिए रुचि की अभिव्यक्ति बुलाए जाने महापौर परिषद की बैठक में विषय को जोन क्रमांक 3 द्वारा लाया गया! राजेश पटेल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है जिसमें दिन और रात दोनों ही समय खिलाड़ी अपनी खेल का अभ्यास कर सकते हैं! स्पोर्ट कांप्लेक्स 6000 वर्ग मीटर में फैला हुआ है जिसमें एक भव्य प्रवेश द्वार है , बैठक व्यवस्था के लिए कुर्सियां मौजूद है , इसकी क्षमता 1000 लोगों की बैठने की है, चारों तरफ से जालियों से इसे घेरा गया है अंदर में एस्ट्रोटर्फ घास लगाया गया है, स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में पिकल बाल, मिनी फुटबॉल एवं बास्केटबॉल जैसे खेल का अभ्यास किया जा सकता है, इस स्पोर्ट्स कांप्लेक्स को बेहतर बनाए रखने के लिए संचालन एवं संधारण किया जाना भी आवश्यक है !

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसंपर्क अधिकारी